हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 70 देहरादून, बृहस्पतिवार, 01 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



उत्तराखण्ड में सेमीकंडक्टर तथा आर.सी. के निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार हो : मुख्यमंत्री 3

# गणपति बप्पा के जयकारों की गूंज, घर-घर पधारे गजानन





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 31 अगस्त। प्रदेशभर में बुधवार को गणेश चतुर्थी की धूम रही। जगह-जगह भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना के साथ गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई। म्हारे घर में पधारो गजानंद भजनों की गूंज के साथ मूर्ति एवं प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गणेश मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिरों में भीड़ उमड़ी और रात तक दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही रही।

हरिद्वार में गणेश चतुर्थी पर बुधवार को शहर में घरों के साथ ही पंडालों में भी गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। पर्व 10 दिन तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश प्रतिमा स्थापित करने से पहले श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल खेला। ढोल और डीजे की थाप पर नृत्य किया। मंदिरों व घरों में भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। नगर से लेकर ग्रामीण अंचल में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गईं।

भक्त विघ्नविनाशक की इको फ्रेंडली मूर्तियों को उल्लास के साथ घर और पंडालों में लेकर गए। गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में मूर्ति की स्थापना की गई। अनंत चतुर्दशी तक भक्त आराध्य की भक्ति में लीन रहेंगे। सुबह से की भगवान के भजन लाउड स्पीकरों पर बजने शुरू हो गए। मंदिरों में भगवान गणेश के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। शाम को सात बजे पंडालों में भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सुबह गणेश जी महाराज की विशेष पूजा के बाद आरती हुई। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और मन्नत मांगी।

राजधानी देहरादून में 'मेरे घर में पधारो गजानन जी, मेरे घर में पधारो...गणपति बप्पा मोरिया... जैसे गीतों एवं शुभ योग में घरों एवं पंडालों में गणपति बप्पा विराजमान हो गए। हाथों में लड्डू, सिर पर मुकुट धारण किए हुए लंबोदर नौ सितंबर तक चमकते दमकते पंडालों में विराजेंगे। बप्पा की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय महोत्सव की शुरुआत हो गई।

## भर्ती घोटाला, कुंजवाल और हरदा की चिट्ठी

### सोशल मीडिया पर हरीश रावत ने याद किये पुराने दिन





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 31 अगस्त। भराड़ीसैंण में विधानसभा सचिवालय चुनाव से पहले संचालित करने की चाह में जब मैंने 150 पदों को तदर्थ रूप से भरने की स्वीकृति दी तो मैंने श्री कुंजवाल जी से कहा था, उस समय उनके विधानसभा सचिव और अन्य कुछ अधिकारी भी थे कि मैं आपको आग में झोंक रहा हूं। उत्तराखंड में सरकारी नौकरियों का प्रश्न हमेशा संवेदनशील बना रहेगा और हर कोई नेता से अपेक्षा करता है कि वो उसके बेटे की नौकरी लगाए। चाहे उसे कुछ भी करना पड़े और मुझे यह स्मरण है कि मेरे कार्यकाल के दौरान अंतिम दिनों में केवल 2 लोगों की शिकायतें लेकर के लोग मेरे पास आते थे, कांग्रेस के नेतागण, विधायकगण, एक व्यक्ति का तो मैं नाम नहीं लूंगा, लेकिन दूसरे विधानसभा के अध्यक्ष जी थे और उनसे हर व्यक्ति यह अपेक्षा करता था, चाहे वह पक्ष का हो या विपक्ष का हो कि उसके खास व्यक्ति को नौकरी पर लगा दे। क्योंकि उसके लिये उस व्यक्ति के ऊपर भी बहुत दबाव होता है।

मैं, कुंजवाल जी से कहना चाहता हूं आपने कर्म किया है और आपको यह खुशी होनी चाहिए कि आपने दो निर्णय लिए एक तदर्थ नियुक्तियों का और दूसरा दल-बदल के खिलाफ, दोनों को माननीय उच्च और उच्चतम न्यायालय ने सही ठहराया, बिना किसी विधिक पृष्ठभूमि के किसी व्यक्ति के निर्णयों को माननीय हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सही ठहरा दे तो यह बड़ी बात है, आप अपने निर्णयों के उज्जवल पक्ष को देखिए। आलोचना से विचलित न होइए। इस राज्य में बहुत सारी शक्तियां जो मेरी सरकार का पटाक्षेप चाहती थी, दल-बदल के खिलाफ आपका त्वरित निर्णय उनको बहुत अखरा था, मौके की तलाश में लोगों को कुछ बहाना मिल गया। ग्लानि तो तब होती है, जब किसी गरीब से मोल-भाव कर उससे सेवा की कीमत वसूली जाती है।

## हरिद्वार पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस पूर्ण शक्ति मोड में



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 31 अगस्त। हरिद्वार पंचायत चुनाव में मजबूती से उतरने के लिए उत्तराखंड कांग्रेस ने 16 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, काजी निजामुद्दीन, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, अनुपमा रावत, सतपाल ब्रह्मचारी, ममता राकेश, फुरकान अहमद समेत 16 लोग शामिल हैं. जो चुनाव के सफल संचालन और अधिकृत होने वाले उम्मीदवारों के चयन के लिए काम करेगा।गौरतलब है कि उत्तराखंड में हरिद्वार जिला ऐसा है, जहां राज्य के बाकी 12 जिलों के साथ पंचायत चुनाव नहीं होते हैं। यह प्रथा राज्य के गठन के बाद से जारी है। पिछले साल मार्च से जून के बीच पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इन्हें प्रशासकों के हवाले कर दिया गया. अब पंचायत चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है. ऐसे में कांग्रेस ने चुनाव में मजबूती से उतरने के लिए एक सदस्यीय कमेटी का गठन किया है. कांग्रेस इस चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।हरिद्वार जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे ने बताया कि 6 से 8 सितंबर तक नामांकन होंगे. जिसके बाद 9 से 11 सितंबर तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी. वहीं, 12 सितंबर को नामांकन वापस लेने की तिथि होगी और 13 सितंबर को प्रतीकों का आवंटन होगा. मतदान 26 सितंबर और मतगणना 29 सितंबर को होगी. हरिद्वार पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है।

# क्या है टोमैटो फ्लू ? क्या हैं टोमैटो फ्लू के लक्षण, बीमारी का कारण और उपचार






**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


देश में अभी कोरोना और मोंकीपॉक्स का खतरा तला भी नहीं है और अब टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय चिंतित है और कई राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है। इसे खतरनाक बनने से रोकने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। फ्लू के अन्य मामलों की तरह यह भी संक्रामक है। लिहाज़ा आपको जानना ज़रूरी है कि इस अनजान दुश्मन से कैसे बचा जा सकता है

कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब बच्चों में टोमैटो फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की चिंता बढ़ गई है। भारत में पहली बार 6 मई को केरल के कोल्लम जिले में एक बच्चे में टोमैटो फ्लू की पुष्टि हुई थी और 'लांसेट' जर्नल की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक तब से केरल में इसके 82 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, वहीं ओडिशा में 26 से ज्यादा बच्चे इससे बीमार हो चुके हैं।

सभी बच्चों की उम्र 9 साल से कम है और यह वायरल संक्रमण अब केरल तथा उड़ीसा के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में भी फैल रहा है। केरल में तो हाल के दिनों में टोमैटो फ्लू के मामलों में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। टोमैटो फ्लू के संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर पांच साल तक के बच्चों को निशाना बनाने वाला यह फ्लू आंतों के वायरस के कारण है, जो वायरस से बचाव के लिए पर्याप्त प्रतिरक्षा प्रणाली होने के कारण व्यस्कों में दुर्लभ होता है। संक्रमण को लेकर प्रारंभिक रिपोर्टों में सामने आया है कि यह एक दुर्लभ प्रकार का वायरल संक्रमण है जबकि कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि यह रेयर इंफेक्शन है, जो डेंगू या चिकुनगुनिया के बाद हो सकता है और यह इनका साइड इफेक्ट भी हो सकता है।

टोमैटो फ्लू भी चिकनगुनिया, डेंगू और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी के लक्षणों के समान है, इसलिए इस संक्रामक संक्रमण का इलाज भी इन्हीं के समान माना जा रहा है। टोमैटो फ्लू की अभी तक कोई अलग से दवाई नहीं है बल्कि जो दवाई वायरल संक्रमण होने पर दी जाती है, उसी का इस्तेमाल इसके खिलाफ भी किया जा रहा है। ऐसे मरीज को अलग-थलग रहने, आराम करने तथा खूब सारे तरल पदार्थ पीने और जलन तथा रैशेज से राहत के लिए गर्म पानी के स्पंज की सलाह दी जाती है। टोमैटो फ्लू के लंबे समय तक चलने वाले प्रभाव से बचने के लिए पर्याप्त आराम बेहद जरूरी है।

# 5G service के लिए आपको करना होगा ये काम




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

भारत में अक्टूबर महीने से 5जी मोबाइल सेवा लॉन्च होने की घोषणा हो चुकी है। जियो और एयरटेल दोनों बड़ी टेलीकॉम कंपनियों ने इसका ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही लोगों को लग गया है कि बस वह बेहतर मोबाइल सेवाओं का आनंद लेने ही वाले हैं। लेकिन, इसके साथ ही कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। ये सवाल 5जी सेवाओं को लेकर हैं। जैसे कि पुराने स्मार्ट फोन में यह काम करेगा या नहीं। क्या फिर से नया सिम तो नहीं खरीदना पड़ेगा। पैसे कितने ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे। हम आपके लिए इन सभी सवालों का जवाब तलाश कर लाए हैं।

**क्या भारत में 5जी नेटवर्क के लिए आपको नया सिम लेना होगा ?**


अगर सीधा जवाब चाहिए तो उत्तर है- नहीं। क्योंकि कई 4जी सिम कार्ड 5जी नेटवर्क के लिए भी अनुकूल हैं। इसलिए संभावना है कि आपका 4जी सिम कार्ड ही 5जी नेटवर्क में भी काम कर जाएगा। भारत की टेलीकॉम कंपनियां, जैसे कि रिलायंस जियो, एयरटेल या वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने नहीं कहा है कि आपको 5जी सेवा के लिए नया सिम कार्ड खरीदना होगा। हालांकि, भविष्य में 5जी सेवाओं के और भी ज्यादा बेहतर अनुभव और सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आपको नया सिम कार्ड खरीदना भी पड़ सकता है। हालांकि, मोबाइल नंबर बदलने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**क्या 5जी नेटवर्क के लिए आपको नया स्मार्टफोन लेना होगा ?**

जरूरी नहीं है कि यदि आप अपने स्मार्टफोन पर अभी 4जी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको 5जी नेटवर्क के लिए नए स्मार्टफोन खरीदने की जरूरत पड़ जाए। आपको यह देखना होगा कि आपका मौजूदा स्मार्टफोन 5जी नेटवर्क के उपयोग के लिए अनुकूल है या नहीं ? क्योंकि, मौजूदा कई स्मार्ट फोन 3जी-4जी के साथ-साथ 5जी नेटवर्क के लिए भी उपयुक्त हैं। इसके लिए आपको अपने मोबाइल फोन की सेटिंग में जाकर कनेक्शन और मोबाइल नेटवर्क मोड पर जाकर चेक करना होगा। यदि आपका फोन 5जी सेवाओं के लिए भी उपयुक्त है तो आपको नया सेट खरीदने की जरूरत नहीं है। लेकिन, अगर आपका फोन थोड़ा ज्यादा पुराना मॉडल का है तो फिर आपको नए स्मार्टफोन की जरूरत पड़ेगी, जो कि 5जी सेवाओं के लिए बनी हों।

# फिल्म शूटिंग के लिए , बॉलीवुड की एक ही पसंद उत्तराखंड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



अगर आपको लगता है कि अजय देवगन अभिनीत फिल्म 'शिवाय' के आखिरी 10 मिनट वास्तव में बुल्गारिया में शूट किए गए हैं, तो आप गलत हैं। यह मसूरी का एक प्रमुख होटल था। और अगर आपको यह विश्वास करने में मूर्ख बनाया गया कि जॉन अब्राहम के 'बाटला हाउस' में भारत-नेपाल सीमा के पास पीलीभीत बाजार की तस्वीरें हैं, तो कोई भी आपको दोष नहीं देगा। इसे शहर के माल रोड और लाइब्रेरी चौक के पास बखूबी अंजाम दिया गया। यहां तक कि 'द कश्मीरी फाइल्स' में भी श्रीनगर के लाल चौक की वास्तविक तस्वीरें नहीं थीं। इनकी शूटिंग उत्तराखंड भर के स्थानों पर की गई थी, जो देश में फिल्म निर्माताओं के लिए अपने सुरम्य परिदृश्य, तेज मंजूरी और कम लागत के साथ एक हॉटबेड के रूप में उभर रहा है।

राज्य में शूट किए गए विज्ञापनों, वेब श्रृंखलाओं और फिल्मों सहित परियोजनाओं की संख्या 2015 में सिर्फ 15 से बढ़कर 2021 में 217 हो गई है, कई लोगों ने यूरोप और अमेरिका में अन्य विदेशी लेकिन महंगे स्थानों के बजाय पहाड़ी राज्य को चुना है। 2022 की पहली छमाही में ही यह संख्या 98 थी। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद (यूएफडीसी) के अनुसार, देश में हर साल लगभग 1,800 से 1,900 फिल्में, विज्ञापन और वेब सीरीज बनाई जा रही हैं। इन अनुमानों के अनुसार, हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड, अब कुल शूटिंग और विकास का लगभग 12% रोड़ा है इसके विपरीत, हिमाचल प्रदेश, जो कि हिमालयी क्षेत्र में भी है, ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में सिर्फ 43 को शूटिंग के लिए अनुमति दी। इसमें 18 वेब सीरीज, 14 विज्ञापन और 11 फिल्में शामिल थीं।



उत्तराखंड ने देश भर से फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास किए हैं। 2017 में, सरकार ने फिल्म क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपने अभियान को आगे बढ़ाया। तत्कालीन सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष प्रोडक्शन हाउस से मुलाकात की और उन्हें हिमालयी राज्य में उनकी परियोजनाओं के लिए आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया, विशेष रूप से वहां शूटिंग के रूप में उन्हें कम लागत खर्च करने में मदद मिलेगी।पिछले पांच वर्षों में, उत्तराखंड को तीन अवसरों पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म-अनुकूल राज्य' का पुरस्कार दिया गया है।

# उत्तराखण्ड में सेमीकंडक्टर तथा आर.सी. के निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार हो : मुख्यमंत्री







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 31 अगस्त। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड @ 25- आदर्श चम्पावत अन्तर्गत प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार भारत सरकार, हैस्को, यू-कॉस्ट एवं अन्य विषय विशेषज्ञों के साथ' हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र' विचार मंथन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भारत, सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, वैज्ञानिक सचिव प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. परविन्दर मैनी, डीजी यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड केवल एक पर्वतीय राज्य ही नहीं, यह हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभिन्न अंग भी है। उत्तराखण्ड के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विषय विशेषज्ञों के साथ विचारों की श्रृंखला बोधिसत्व कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके तहत नीति आयोग के तत्कालीन उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार एवं भारत सरकार के तत्कालीन प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. के विजय राघवन और कई प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों की उपस्थिति में आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड @ 25 की परिकल्पना की गई। 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि तब तक राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाया जाए। इसके लिए सभी विभागों को लक्ष्य दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में कृषि, बागवानी, पर्यटन ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। इकोनॉमी और ईकोलॉजी में समन्वय बनाकर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ ही जल संचय, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार से आग्रह किया कि उत्तराखण्ड में सेमीकंडक्टर तथा आर.सी. के निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए।

भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने कहा कि प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ऑफिस से हम कैटालिस्ट बनकर काम कर सकते हैं। राज्य को हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आज जो मंथन हो रहा है। एक साल में इसके काफी सुखद परिणाम देखने को मिले इसके लिए हमें आज से ही प्रयास करने होंगे। प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ऑफिस काफी समय से उत्तराखण्ड से जुड़ा है। जी.डी.पी और जी.ई.पी. के सामंजस्य से उत्तराखण्ड आगे बढ़ रहा है, यह एक अच्छी पहल है। डिजास्टर मैनेजमेंट, ईको सिस्टम रेस्टोरेशन, वाटर मैनेजमेंट सिस्टम के साथ-साथ गर्ल एजुकेशन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस विचार मंथन में जो भी सुझाव मिलेंगे, उनमें पूरा सहयोग दिया जायेगा।

हैस्को के संस्थापक डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड हिमालयी राज्य है। हिमालयी राज्य होने के नाते उत्तराखण्ड का दायित्व और बढ़ जाता है। विकास के साथ ही प्राकृतिक संतुलन भी जरूरी है। इस दिशा में राज्य में सराहनीय प्रयास भी हो रहे हैं। हमें अपने संसाधनों का सही उपयोग कर आगे बढ़ना होगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, अपर सचिव रंजना राजगुरू, आनंद स्वरूप, वंशीधर तिवारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति, विभिन्न संस्थानों के निदेशक एवं अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# पुलिस मुख्यालय में शानदार विदाई के साथ अजय रौतेला हुए रिटायर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 31 अगस्त। अजय रौतेला, पुलिस महानिरीक्षक, फायर अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड, अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी- पीवीके प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन- अभिनव कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना एवं सुरक्षा- ए पी अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण- पूरन सिंह रावत, पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी विमला गुंज्याल सहित सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



विदाई समारोह में वक्ताओं ने अजय रौतेला द्वारा पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की तथा अपेक्षा की गयी कि भविष्य में भी उत्तराखण्ड पुलिस को उनके अनुभवों का लाभ एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा। अन्त में अजय रौतेला ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं कर्मठता के फलस्वरूप ही वह अपना सम्पूर्ण योगदान प्रदान करने में सफल हो सके। पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा अजय रौतेला को एक प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया। अजय रौतेला ने वर्ष 1990 में प्रान्तीय पुलिस सेवा जॉइन करने के उपरान्त कानपुर, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, देहरादून, हरिद्वार, चमोली, रूद्रप्रयाग जैसे जनपदों में नियुक्त रहकर अपना अतुल्य योगदान दिया गया। आप वर्ष 2005 को भारतीय पुलिस सेवा में इंडक्शन हुये तथा भारत सरकार द्वारा आपको वर्ष 2001 बैच आवंटित किया गया। आप वर्ष 2015 में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने के उपरान्त गढ़वाल परिक्षेत्र प्रभारी एवं अपर सचिव गृह के पद पर नियुक्त रहे तथा वर्ष 2019 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर गढ़वाल परिक्षेत्र व कुमाऊँ परिक्षेत्र प्रभारी, पुलिस महानिरीक्षक फायर एवं महा समादेष्टा होमगार्ड व सिविल डिफेन्स के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत रहे। भारत सरकार द्वारा आपकी सराहनीय सेवा के लिए वर्ष 2010 में पुलिस पदक तथा उत्कृष्ट सेवा के लिए वर्ष 2017 में राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

# बारिश कम होने के बाद बढ़ी चारधाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोपेश्वर , 31 अगस्त। वर्षा कम होने के बाद चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। इसके अलावा श्राद्धपक्ष में बदरीनाथ धाम में पिंडदान के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं।

इस देखते हुए जिलाधिकारी ने सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, पेयजल, साफ-सफाई, पर्यटन, आपदा प्रबंधन सहित तमाम व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कहा, गौचर व मंडल चेकपोस्ट पर तीर्थयात्रियों के पंजीकरण की व्यवस्थाओं को तत्काल शुरू करें।

स्वास्थ्य विभाग को चारधाम यात्रा पर आने वाले अधिक से अधिक तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। कहा कि बीमार और 60 वर्ष से अधिक उम्र दराज यात्रियों का अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच की जाए। इसके लिए बेसिक मेडिकल उपकरण सहित चिकित्सकों एवं एंबुलेंस की तैनाती और पर्याप्त मात्रा में दवाओं का स्टाक रखें।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने वर्षा के दौरान जहां पर भी सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और भूस्खलन के कारण सड़कों पर नए डेंजर जोन बने है, उनको तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। कहा भूस्खलन क्षेत्रों के आसपास जेसीबी, मैनपावर की तैनाती के साथ साइनेज लगाना सुनिश्चित करें।

जल संस्थान को बदरीनाथ एवं हेमकुंड यात्रा मार्ग पर पिलर टाइप स्टैंड पोस्ट (पीटीएसपी), टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट (टीटीएसपी) और हैंडपंप का अगले तीन दिनों में स्थलीय निरीक्षण करते हुए सभी स्थानों पर पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर शौचालयों में पानी, बिजली एवं सफाई व्यवस्था के लिए कार्मिकों की तैनाती का निरीक्षण करते हुए तीन दिनों में इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें।

सभी एसडीएम को यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने को कहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पूर्ति अधिकारी और पुलिस को यात्रा मार्ग पर सभी होटल, ढाबे, रेस्टोरेंटों में रेट लिस्ट एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का नियमित रूप से संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

जिला पूर्ति अधिकारी को सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल और दुकानों में खाद्यान्न स्टाक सुनिश्चित करने को कहा। पशुपालन विभाग को हेमकुंड यात्रा मार्ग पर घोड़े, खच्चरों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए।

# गैस रिसाव से पीड़ित व्यक्तियों से मिले केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर, 31 अगस्त। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने जिला चिकित्सालय, मेडिसिटी हॉस्पिटल, चीमा हॉस्पिटल पहुँचकर गत दिवस ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ले में कबाड़ की दुकान रासायनिक गैस रिसाव से पीड़ित व्यक्तियों तथा सिरसा मोड़ के पास हुई ट्रेक्टर-ट्राली वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को दिये जा रहे उपचार व स्थिति की जानकारी ली तथा प्रभावित व्यक्तियों का हाल-चाल जाना। मंत्री भट्ट ने ईश्वर से सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि दुःख एवं संवेदना की इस घड़ी में सरकार, पीड़ित परिवारों के साथ है।

उन्होंने चिकित्सालय पहुँचकर पीड़ितों व घायल व्यक्तियों के स्वास्थ्य, किये जा रहे उपचार की सम्पूर्ण जानकारी चिकित्सकों से ली।

अजय भट्ट ने चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न हो और नियमित समयान्तराल पर स्वास्थ्य परीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने चिकित्सालय में उपस्थित तीमारदारों से भोजन, दवाईयों आदि के बारे में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारियॉं ली, जिस पर तीमारदारों ने चल रहे इलाज पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि दवाईयां बाहर से नहीं लिखी जा रहीं हैं, और खाना भी समय से मिल रहा है।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्र, उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, एसीएमओ डॉ.हरेन्द्र मलिक सहित लक्ष्मण खाती, योगेश वर्मा, उपेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे।



## विकासनगर में अवैध खनन के दो ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

विकासनगर, 31 अगस्त। अवैध खनन को लेकर उत्तराखंड सरकार ने सख्ती के साथ कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अपराधों की रोकथाम, अवैध खनन में संलिप्त वाहन/ व्यक्तियों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने के सख्त निर्देश पर सभी थाने अलर्ट पर हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी विकासनगर के निकट एवं कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर क्षेत्र में रवाना किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों गुड्रिच एवं ढकरानी विकासनगर से अवैध खनन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया गया, जिसकी खनन की रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं खनन में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## बज गया हरिद्वार पंचायत चुनाव का बिगुल
## 26 सितंबर को वोटिंग, 28 को मतगणना






फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 31 अगस्त। उत्तराखंड की धर्मनगरी हरिद्वार में पंचायत चुनाव थोड़ा अलग होता है। यहाँ अन्य 12 जिलों के साथ ये चुनाव नहीं कराये जाते हैं। लिहाज़ा अब यहाँ पंचायत चुनाव का एलान कर दिया गया है। आपको यहाँ बता दें कि लम्बे समय से यहाँ पंचायत चुनाव को लेकर एलान का इंतज़ार किया जा रहा था जिसका धामी सरकार ने ऐलान कर दिया है.इस मामले में मीडिया को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे ने बताया कि 6 से 8 सितंबर तक नामांकन होंगे. जिसके बाद 9 से 11 सितंबर तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी. वहीं 12 सितंबर को नामांकन वापस लेने की तिथि होगी और 13 सितंबर को प्रतीकों का आवंटन होगा. मतदान 26 सितंबर और मतगणना 29 सितंबर को होगी.डीएम पांडे ने बताया कि चुनाव की तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थी. सरकार ने चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है.

1 सितंबर को राज्य निर्वाचन आयोग घोषणा करेगा और शाम को जनपद कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए अधिसूचना लागू कर दी जाएगी. हमारा प्रयास है कि जिला पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जाए.वहीं तारीख का ऐलान होने से अब पंचायतों की सरगर्मियां तेज हो गई हैं.

## यूकेएसएसएससी मामला : यूपी नकल माफिया का गुर्गा गोवा से गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 31 अगस्त। स्नातक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने माफिया और सौदागर के बीच की एक और कड़ी जोड़ी है। पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ और साक्ष्यों पर एसटीएफ की एक टीम को संदिग्ध की जानकारी के लिए गोवा भेजा गया था जहा पर अभियुक्त फिरोज हैदर को नॉर्थ गोवा में पणजी से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अभियुक्त फिरोज हैदर लखनऊ के माफिया गिरोह का सदस्य था जो परीक्षा के प्रश्न पत्र लेकर अन्य के साथ हल्द्वानी आया और शशिकांत को उपलब्ध कराया गया था लम्बी और कड़ी पूछताछ और साक्ष्यो से अभियुक्त का धामपुर जाना और वहा के नकल माफिया केंद्रपाल से संपर्क में होने की भी पुष्टि हुई है। अभियुक्त का नाम फिरोज हैदर है जो श्याम विहार कॉलोनी सीतापुर रोड लखनऊ का रहने वाला है।

# एनएचएम के 1071 पदों को न भरे जाने पर हैरान हुए हेल्थ मिनिस्टर, दिए भर्ती के आदेश

## भर्ती के लिए स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने एक महीने का दिया समय



**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 1 सितंबर। आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी 6 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में स्वास्थ्य जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्से गांव-गांव जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य महानिदेशालय देहरादून में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने एनएचएम के अंतर्गत विभिन्न श्रेणी के 1071 पदों को न भरे जाने पर हैरानी जताई। उन्होंने एनएचएम के अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों को एक माह के भीतर सभी रिक्त पदों को आउट सोर्स के माध्यम से भरने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में टेक्नीशियन एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिये एनएचएम के तहत स्वीकृत पदों को शीघ्र भरा जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 6 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में स्वास्थ्य जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत प्रदेशभर में तैनात एक हजार से अधिक कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओएस) प्रत्येक माह 10-10 गांव में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे, साथ ही टीबी एवं मोतिया बिंद के मरीजों का चिन्हिकरण भी करेंगे। इसके अलावा आम लोगों को आयुष्मान योजना, तम्बाकू मुक्त एवं टीबी मुक्त उत्तराखंड अभियान की भी जानकारी देंगे।

बैठक में महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ0 शैलजा भट्ट, अपर सचिव अमनदीप कौर, निदेशक डॉ0 विनीता शाह, निदेशक कुमाऊं मंडल डॉ0 तारा आर्या, निदेशक एनएचएम डॉ0 सरोज नैथानी, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ0 आशुतोष सयाना, वित्त नियंत्रक खजान चंद पाण्डेय, कुमाऊं मंडल के सीएमओ एवं डीपीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**एनएचएम के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में रिक्त हैं ये पद**

देहरादूनः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 13 जनपदों में विभिन्न श्रेणी के 1071 रिक्त पदों को आउट सोर्स के माध्यम से भरा जायेगा। जिनमें सर्विस डिलीवरी के तहत एएनएम, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ चिकित्सक, सीएचओ, आयुष चिकित्सक, कॉउंसलर एवं अन्य सेवाओं के 960 तथा प्रोग्राम मैनेजमेंट के अंतर्गत एसपीएमयू, एसएचएसआरसी, डीपीएमयू तथा बीपीएमयू के 111 पद रिक्त हैं। निदेशक एनएचएम डॉ0 सरोज नैथानी ने बताया कि सभी रिक्त पदों को एनएचएम की आउट सोर्स एजेंसी टी एंड एम के माध्यम से जनपदवार भरा जायेगा। इसके लिये अभ्यर्थियों को संबंधित एजेंसी की अधिकृत बेवसाइट www.tnmhr.com पर आवेदन करना होगा। इसके उपरांत जनपद स्तरीय कमेटी द्वारा अर्हता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।



# दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है : गणेश जोशी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 1 सितंबर। बीते सोमवार को भारी बारिश के कारण आयी आपदा में 3 लोगों की मृत्यु हो गयी थी, जिसमें लक्ष्मी पत्नी मंनू, संगीता पत्नी दिनेश एवं दिनेश के नवजात शिशु मौक़े पर ही मृत पाए गए। बुधवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी देहरादून के आपदा प्रभावित राजपुर क्षेत्र के काँठबंगला पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए की मुआबजा राशि प्रदान की। इसके साथ ही मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को प्रभावित परिवार को शीघ्र आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने कहा कि दुःख की इस घड़ी पर सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है।

विदित हो कि बीते सोमवार को देहरादून के राजपुर क्षेत्र में हुई भारी बारिश के चलते काठबंगला में आवास ढहने से एक मासूम सहित दो महिलाओं की मलबे में दबने से मौत हो गई थी। इस अवसर पर तहसीलदार सोहन सिंह रांगढ़, मनजीत रावत आदि उपस्थित रहे।

# आकांशा की मौत के कारणों की निष्पक्ष हो जांच : धस्माना



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,1 सितम्बर। धस्मानाकेवल आत्महत्या मान कर न चले पुलिस -धस्माना29 अगस्त को थाना गाड़ी कैंट की बिन्दाल चौकी क्षेत्र में मिली थी 22 वर्षीय आकांशा की लाश प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना मृतका के परिजनों से उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पर मिले। मृतका के पिता व अन्य परिजनों ने आकांशा की हत्या की आशंका जताई। पिता नागेंद्र मेंदोला बोले मेरी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती । धस्माना ने पूरे प्रकरण की जांच गहनता से करवाने के लिए डीजीपी अशोक कुमार व एसएसपी कुंवर सिंह से फोन पर वार्ता कर मांग की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पुलिस इस मामले को केवल आत्महत्या मान कर जांच सीमित न करे बल्कि और संभावनाओ पर भी बारीकी से जांच की जाय। डीजीपी व एसएसपी ने आश्वस्त किया कि हर ऐंगल से जांच की जाएगी।

■ केवल आत्महत्या मान कर न चले पुलिस : धस्माना



# विद्यालयी शिक्षा सचिव रविनाथ रमन ने राजकीय जूनियर हाईस्कूल रोशनाबाद का किया निरीक्षण




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 1 सितंबर। रविनाथ रमन, सचिव, विद्यालयी शिक्षा ने बुधवार को बहादराबाद विकास खण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जसवावाला, आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत जसवावाला तथा राजकीय जूनियर हाईस्कूल रोशनाबाद का निरीक्षण किया। सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन सबसे पहले बहादराबाद विकास खण्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जसवावाला पहुंचे, वहां पहुंचते ही वे प्रधानाध्यापक के कक्ष में गये, जहां उन्होंने वहां उपस्थित प्रधानाध्यापक से प्राथमिक विद्यालय में कुल कितने बच्चे हैं, कितने अध्यापक हैं, मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिये कितनी भोजन मातायें हैं आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली, जिस पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में कुल 127 बच्चे अध्ययनरत हैं। उन्होंने वहां हाजिरी रजिस्टर सहित विद्यालय से सम्बन्धित विभिन्न दस्तावेजों का गहराई से जांच-परख की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि वर्ष 1959 से लेकर अब तक जितने भी विद्यार्थियों ने यहां अध्ययन किया, उनका पूरा रिकार्ड हमारे पास उपलब्ध है। सभी दस्तावेजों को देखने के बाद सचिव विद्यालयी शिक्षा ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज चौहान की सभी दस्तावेजों आदि को सुव्यवस्थित ढंग से रखने की व्यवस्था करने के लिये प्रशंसा की।

रविनाथ रमन तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय की एक-एक करके सभी कक्षाओं में गये, जहां उन्होंने बच्चों से बातचीत ही बातचीत में जिस कक्षा में वे पढ़ रहे हैं, उस अनुसार उनकी क्षमता का विकास हो रहा है कि नहीं, के सम्बन्ध में भौतिक रूप से जाना, जिस पर, बच्चों के प्रदर्शन पर, उन्होंने सन्तोष व्यक्त किया तथा बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन आदि लेखन सामग्री वितरित की, जिसे पाकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया कि स्कूल की व्यवस्थाओं तथा यहां की पढ़ाई के अच्छे स्तर को देखते हुये इस क्षेत्र के निवासी अपने बच्चों को इसी स्कूल में दाखिला दिलाना चाहते हैं, इस पर सचिव विद्यालयी शिक्षा ने कहा कि यह अच्छा सन्देश है। उन्होंने स्मार्ट क्लास, शौचालयों की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था आदि का निरीक्षण करते हुये कहा कि यहां के पानी को एक बार लैब में जरूर जांच करा लें, क्योंकि बच्चों को शुद्ध व स्वच्छ पानी मिलना चाहिये।

सचिव विद्यालयी शिक्षा इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में स्थापित रसोई घर की ओर बढ़े, जहां उन्होंने रसोई घर की व्यवस्थाओं को देखा तथा किस दिन कौन सा भोजन परोसा जाता है, के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने खाना पकाने के लिये गैस के स्थान पर सोलर कूकर का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुये कहा कि इससे गैस की काफी बचत होगी। सचिव विद्यालय शिक्षा एवं मुख्य विकास अधिकारी ने इस मौके पर भोजन माताओं द्वारा तैयार किये गये भोजन को ग्रहण करते हुये भोजन माताओं द्वारा तैयार किये गये गुणवत्तापरक भोजन की तारीफ की। रविनाथ रमन ने प्रधानाध्यापक पंकज चौहान एवं उनकी टीम को प्राथमिक विद्यालय में सभी व्यवस्थाओं का अच्छी तरह से प्रबन्धन करने के लिये प्रशंसा की तथा कहा कि आप विद्यालय को समर्पित भाव से चला रहे हैं तथा इसे बेस्ट प्रैक्टिसेज के तहत अन्य विद्यालयों को भी साझा करें ताकि इससे प्रेरणा लेकर अन्य विद्यालय भी कुशल प्रबन्धन के साथ विद्यालयों का संचालन करें। सचिव विद्यालयी शिक्षा यहां से होते हुये ग्राम पंचायत जसवावाला के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे तथा केन्द्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। यहां से होते हुये वे राजकीय जूनियर हाईस्कूल रोशनाबाद पहुंचे तथा यहां भी उन्होंने जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक से छात्रों की उपस्थिति, उनका कक्षाओं में प्रदर्शन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी लेने के पश्चात कक्षाओं में छात्र/छात्राओं से बातचीत की तथा बातों-बातों में ही छात्र/छात्राओं की कक्षा के अनुसार सीखने की क्षमता को भी परखा।

इसके बाद उन्होंने पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालयों की व्यवस्था तथा स्मार्ट क्लास का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पौंधारोपण भी किया। सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि कोराना की वजह से पढ़ाई में व्यवधान पैदा हुआ है। अतः अब सप्ताह में एक दिन शनिवार को जो आधारभूत जानकारी है, उस पर ध्यान केन्द्रित करते हुये अन्य दिवसों में कोर्स के सिलेबस को पूरा कराया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, मुख्य शिक्षा अधिकारी के0के0 गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी(माध्यमिक) नरेश कुमार हल्दयानी, जिला समन्वयक डॉ0 सन्तोष चमोला, जिला शिक्षा अधिकारी(बेसिक) शिव प्रसाद सेमवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वराज सिंह तोमर, उप शिक्षा अधिकारी मुदिता पन्त सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।



# कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के किसानों से की ई-केवाईसी अपडेट कराने की अपील

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून,1 सितम्बर। सचिवालय के वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12वीं किस्त जारी करने पर आयोजित चर्चा में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ कई उत्तराखंड सहित राज्यों के कृषि मंत्री उपस्थित रहे। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12वीं किस्त जारी करने पर चर्चा की गई। जिसमे कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में काफी बेहतर कार्य किए जा रहे है राज्य कृषि के क्षेत्र में पहले की तुलना से काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी 11 किश्तों में कुल 1767 करोड़ की धनराशि प्रदेश के लगभग 9.40 लाख किसानों को प्राप्त हुई है।प्रदेश में कुल आधार सत्यापित किसानों की संख्या 6.54 लाख (71 प्रतिशत) और अवशेष 2.63 लाख (29 प्रतिशत) है मंत्री जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रदेश में अधिकतर किसान भाइयों ने अपना ई-केवाईसी अपडेट किया है।बाकी शेष किसान का भी शीघ्र ई केवाईसी अपडेट कराया जाएगा जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर कैंप लगाकर शेष किसानो का ई केवाईसी अपडेट करवाया जाए।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त का लाभ उठाने के लिए पहले ई-केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया था। लेकिन एक बार फिर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के अनुरोध पर किसानों को बड़ी राहत दी है ।जिसमे अब 31 अगस्त की जगह एक माह और आगे बढ़ाकर ई-केवाईसी की अपडेट करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

## संपादकीय

### पाकिस्तान में बाढ़

इन दिनों पाकिस्तान अभूतपूर्व बाढ़ की चपेट में है. देश का एक-तिहाई हिस्सा जलमग्न है. इस प्रलयकारी बाढ़ में अब तक 11 सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. अधिकारियों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है. आकलनों की मानें, तो कम-से-कम 3.3 करोड़ लोग इस आपदा से प्रभावित हैं. इस वर्ष मानसून में वहां कई क्षेत्रों में सामान्य से बहुत अधिक बारिश हुई है. लगातार मूसलाधार बरसात से स्थिति बिगड़ती जा रही है तथा इससे राहत एवं बचाव कार्य भी बाधित हो रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र और पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की गुहार लगायी है. पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि इस आपदा से 10 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है. बताया जा रहा है कि 7.20 लाख पशु भी मारे गये हैं तथा लगभग 35 सौ किलोमीटर सड़क, 149 पुल, 170 दुकानें और 9.50 लाख घर तबाह हो चुके हैं. भारत समेत कई देशों ने पाकिस्तानी सरकार को सांत्वना दी है तथा मदद का वादा किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने भी बाढ़ की तबाही पर अपना दुख व्यक्त किया है. एक तो पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बहुत समय से खराब है और महंगाई भी चरम पर है. राहत और बचाव के लिए आवश्यक संसाधनों का भी अभाव है. सड़कों और पुलों के बहने से भी प्रभावित लोगों तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है. इन कारणों ने त्रासदी को और गंभीर बना दिया है. पाकिस्तानी सरकार वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत से सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों का आयात करना चाहती है ताकि महंगाई से राहत मिल सके तथा बाढ़ से तबाह हुई फसलों की कुछ भरपाई हो सके. इसे आसान करने के लिए इन चीजों को शुल्क मुक्त करने का भी प्रस्ताव है. तीन वर्ष पहले पाकिस्तान ने अनुच्छेद 370 के मसले को बहाना बनाते हुए भारत से व्यापार संबंधों को सीमित कर दिया था. भारत ने विभिन्न देशों, विशेषकर पड़ोसी देशों, की हमेशा मदद की है. कई देशों को कोरोना टीके और अन्य मेडिकल साजो-सामान भेजा गया है. अफगानिस्तान को गेहूं और दवाइयां दी गयी हैं. श्रीलंका को नगद सहयोग के साथ खाद्य पदार्थ और ईंधन मुहैया कराया गया है. पड़ोसी देशों के साथ व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए अनेक कोशिशें हो रही हैं. लेकिन पाकिस्तान का रवैया हमेशा ही निराशाजनक रहा है. भारत को अस्थिर करने के प्रयासों के उसके रुख से दक्षिणी एशिया को बहुत नुकसान पहुंचा है. यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली आपदाओं से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों में है. इसके लिए भारत और पड़ोसी देशों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करना होगा. इसके लिए परस्पर विश्वास का वातावरण बनाना होगा.

# भारत में काले जादू के लिए प्रसिद्ध हैं ये 4 शहर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी जादू टोना से जुड़ी कई गतिविधियों पर रोक है. इसके बावजूद लोग अभी भी कई चीजों के लिए जादू टोना में विश्वास करते हैं, लेकिन कई गतिविधियों को छुपाते भी रहते हैं। आज हम आपको भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां आज भी काला जादू किया जाता है। भारत में काला जादू पूरी तरह से प्रतिबंधित है। लेकिन फिर भी लोग हर तरह की समस्या का समाधान पाने के लिए ना सिर्फ कई तरह के जादू करते हैं बल्कि खुद भी इसका अभ्यास करते हैं। आइए आपको बताते हैं उन जगहों के बारे में, जहां आज भी काला जादू किया जाता है।

**कुशाभद्रा नदी, उड़ीसा**

कुशाभद्रा नदी के नीचे और आसपास दर्जनों हड्डियाँ और खोपड़ी पाई जाती हैं, क्योंकि इस स्थान पर सबसे अधिक काला जादू किया जाता है। ड्राइव करने का शौक रखने वाली महिलाओं के लिए ये हैं बेस्ट रोड ट्रिप, दोस्तों के साथ आज ही घूमने जाएं

**निमतला घाट, कोलकाता**

नीमतला घाट पर भी काला जादू किया जाता है। यह मृतकों के अंतिम संस्कार का स्थान है। आधी रात को अघोरी बाबा इस स्थान पर आते हैं और मृतकों के शवों को खाते हैं। उत्तराखंड की कुछ ऐसी प्रेतवाधित जगहें, जहां घूमने आती हैं आत्माएं, पर्यटक नहीं

**मायोंग विलेज, असम**

मायोंग गांव सदियों से काले जादू के लिए मशहूर है। यहां तक कि मुगल सेनापति और अंग्रेज भी इस गांव में आने से डरते थे। मायोंग गांव में काले जादू के कारण कई लोग गायब हो जाते हैं या मर जाते हैं। इस जगह पर काले जादू से जुड़ी कई कहानियां हैं, उनमें से एक यह है कि यहां के लोग जानवरों में तब्दील हो जाते हैं। अधिकांश ग्रामीण काला जादू जानते और करते हैं। यहां रहने वाले लोगों का मानना है कि सत्ता पीढ़ियों से चली आ रही है। रिटायर होने के बाद ये 5 जगहें रहने के लिए उपलब्ध रहेंगी, एक बार सस्ती, आरामदायक जिंदगी जीने के लिए यहां जाएं



**सुल्तान शाही, हैदराबाद**

हैदराबाद को इन परंपराओं का केंद्र माना जाता है, मुख्य रूप से पास के सुल्तान शाही ऐसे स्थानों के लिए प्रसिद्ध हैं। अलग-अलग बाबा हैं जो काला जादू करते हैं, कुछ पैसे वसूलते हैं, कई लोग बदले में संभोग की मांग करते हैं, और पशु बलि भी मांगते हैं। हैदराबाद में तीन और स्थान हैं जहाँ काला जादू किया जाता है अर्थात चित्रिका, मुगलपुरा और शालिबंद। भारत के इन शहरों की उम्र एक हजार साल से भी ज्यादा है, लेकिन आज भी खूबसूरती में कोई दाग नहीं है

# देहरादून नगर निगम अवैध निर्माण पर हुआ सख्त




**आलम गाँधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 1 सितम्बर । नगर निगम, देहरादून द्वारा देहरादून के मार्गों को स्वच्छन्द चलने योग्य बनाने हेतु अतिक्रमण हटाओ अभियान ज़ोर शोर से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सख्त दण्डात्मक कार्यवाही भी कि जा रही है। यह कार्य नगर निगम द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से शहर के मुख्य मार्गो अस्थायी अतिक्रमण हटाये हेतु संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है।जिसके अन्तर्गत सभी मुख्य मार्गों एवं फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त करते हुए उन पर अर्थदंड लगाने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम मे नैनी बैकरी से सर्वे चौक, परेड ग्राउंड में फुटपाथ पर रखे सामान को हटाया गया और सामान जब्त किया गया तथा 3200रु के चालान किए गए। नगर निगम द्वारा 2 सड़कों पर संयुक्त अतिक्रमण विरोधी अभियान चले जा रहे हैं --- पटेल नगर,पंडितवाड़ी,राजपुर रोड,कैंट रोड,आराघर ईसी रोड अर्थदण्ड की कार्यवाही में सम्बन्धित व्यवसायियों से माह अगस्त मे अभी तक लगभग 65000 रुपये का जुर्माना वसूला गया है , तथा सम्बन्धित को पुनः अतिक्रमण न करने हेतु हिदायत दी गयी है। नगर निगम द्वारा द्वारा जिन मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी है उनका समय समय पर पर्यवेक्षण किया जा रहा है तथा जिन व्यवसायियों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया गया है उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित पुलिस स्टेशन को सूचित किया जा रहा है।

# कैसे बनाए श्रम कार्ड से आयुष्मान कार्ड







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अगर आप भी ई-श्रम कार्ड के तहत 2 लाख रुपये का बीमा और आयुष्मान कार्ड की मदद से 5 लाख रुपये का बीमा यानी कुल 7 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कराना चाहते हैं तो हमारा यह लेख सिर्फ आपके लिए है जिसमें हम बताएंगे आप विस्तार से। वह, आयुष्मान कार्ड को श्रम कार्ड के माध्यम से कैसे लागू करें ?आपको बता दें कि ई-श्रम कार्ड के तहत आपको 2 लाख रुपये प्रति वर्ष का स्वास्थ्य बीमा, मानधन योजना के तहत 60 साल बाद 3,000 रुपये प्रति माह पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी, जो आपके सामाजिक और आर्थिक विकास को सुनिश्चित करती हैं।वहीं अगर आयुष्मान भारत कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि इस कार्ड की मदद से आपको हर साल पूरे 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलता है, जिसका फायदा आपको ही नहीं बल्कि आपके पूरे परिवार को मिलता है. मिल सकता है, लेकिन आपका सतत और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित है।

श्रम कार्ड के माध्यम से आयुष्मान कार्ड कैसे लागू करें, इसके लिए सबसे पहले आप ई श्रम कार्ड धारकों को इसकी आधिकारिक वेबसाइट के होम पेज पर आना होगा, जो इस प्रकार होगा –

1. अब इस पेज पर आपको सबसे नीचे Register Yourself & Search BeneficiaryRegister का विकल्प मिलेगा जिस पर आपको क्लिक करना है,

2. क्लिक करने के बाद आपके सामने इसका रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा जो कुछ इस तरह होगा।

3. अब आपको इस रजिस्ट्रेशन फॉर्म को ध्यान से भरना है और सबमिट ऑप्शन पर क्लिक करना है और अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड प्राप्त करना है।

4. इसके बाद आपको पोर्टल पर लॉग इन करना होगा।

5. पोर्टल में लॉग इन करने के बाद आपके सामने कुछ इस तरह का पेज खुलेगा।

6. अब इस पेज में सबसे नीचे आपको आपके आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन की जानकारी देखने को मिलेगी जो इस प्रकार होगी।

7. इसके बाद आपको एक बार फिर से खुद को लॉग आउट करके पोर्टल पर लॉग इन करना होगा।

8. पोर्टल में लॉग इन करने के बाद आपके सामने किसी तरह का डैशबोर्ड खुलेगा जो इस प्रकार होगा।

9. अब आपको आयुष्मान कार्ड आवेदन फॉर्म यहाँ स्टेप बाय स्टेप भरना है।

10. सभी अनुरोधित दस्तावेजों को स्कैन और अपलोड करना होगा औरअंत में आपको सबमिट ऑप्शन पर क्लिक करना है जिसके बाद आपको आपकी रसीद मिल जाएगी जिसे आपको सुरक्षित रखना है।

अंत में, इस प्रकार आप सभी अपने ई-श्रम कार्ड की सहायता से अपना आयुष्मान भारत कार्ड बनवा सकते हैं और उसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# 1 रुपए के नोट के बदले ले जाए 5 करोड़, जाने कैसे






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अब आप घर बैठे पुराने सिक्कों और नोटों से बन सकते हैं करोड़पति ! अगर आपके पास किसी भी तरह के पुराने नोट हैं तो यह आपके लिए बहुत अच्छा मौका है। इसका फायदा उठाकर आप अच्छा पैसा कमा सकते हैं। हम आपको इस लेख में जानकारी दे रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में पुराने सिक्कों और नोटों का चलन काफी है। लोग पुराने और मुश्किल से मिलने वाले नोटों को काफी ऊंचे दामों पर खरीद रहे हैं। हमारे देश में कई ऐसी वेबसाइट हैं जहां आप आसानी से इन सिक्कों और नोटों को भेज सकते हैं, और अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

ऐसी जानकारी है कि वैश्विक बाजार में ₹1 के नोट की कीमत ₹7 लाख रखी गई है, इसका मतलब है कि अगर आपके पास ₹1 का पुराना नोट है तो इसकी कीमत ₹7 लाख है अगर आपका ₹1 का नोट 1935, 1957, अगर 1966 की बात है तो आप और भी पैसे के मालिक बन सकते हैं इतना ही नहीं एक रुपये का एक ऐसा नोट भी है जिसके बदले में आपको 5 करोड़ रुपये का मालिक बनाया जाएगा।

यह नोट ब्रिटिश सरकार द्वारा 1935 में जारी किया गया था और इस पर गवर्नर जेडब्ल्यू केली के हस्ताक्षर भी हैं। इस नोट पर ब्रिटिश सम्राट के जॉर्ज पंचम की तस्वीर भी छपी है। आपको बता दें कि, आप एक रुपये का सिक्का बेचकर भी करोड़ों रुपये के हकदार हो सकते हैं। यह सिक्का 1885 में अंग्रेजी सरकार द्वारा जारी किया गया था, अगर आपके पास अभी भी यह सिक्का है, तो आप इसे ऑनलाइन बेचकर घर बैठे 8 करोड़ कमा सकते हैं।

**ऑनलाइन नोट और सिक्केबेचने का तरीका:** सबसे पहले आप www.ebay.com या www.coinbazzar.com के पोर्टल की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं.यहां अपने आप को सेलर के रूप में रजिस्टर करें.अब अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दिए गए स्थान में भरे.अब अपने नोट और सिक्कों की तस्वीरों को यहां अपलोड करें.इसके बाद आपका विज्ञापन इस वेबसाइट पर आ जाएगा. अब जो भी आपका यह नोट और सिक्का खरीदना चाहता है, वह आपसे डायरेक्ट कांटेक्ट कर लेगा.

# भारत की होशियार बेटी शाहजहां के कारनामे से दुनिया हैरान


## पढ़ाई में बना दिया विश्व रिकॉर्ड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना बच्चों का खेल नहीं. इसके लिए कड़ी मेहनत, लगन और तपस्या की जरूरत होती है. सूझबूझ और प्लानिंग भी भरपूर काम आती है. अब तक आपने न जाने कितने ही प्रकार केवल रिकॉड्र्स के बारे में सुना होगा. लेकिन इस बार भारत की बेटी ने सबसे अलग तरह का रिकॉर्ड अपने नाम किया है. केरल की रेहना शाहजहां ने 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्टिफिकेट हासिल कर इतिहास रच दिया. भारत की इस बेटी ने 1 दिन में कुल 81 ऑनलाइन स्टडी कोर्स कंप्लीट कर अपने नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड कर लिया. पढ़ाई लिखाई में ऐसा कीर्तिमान करने वाली वो पहली महिला बन गई.

रेहना शाहजहाँ ऐसी ही बेटी है, जिसने बाकी लोगों की तरह खेल कूद या फिर ताकत आजमाइश को रेकॉर्ड होल्डर बनने सहारा नहीं बनाया. बल्कि उन्होंने वो किया जो उनकी हमेशा की चाहत थी, जिसे करना उन्हें बेहद पसंद था, जो जीवन में आगे भी उनके काम आएगा. वो है पढ़ाई. रेहना ने 24 घंटे के भीतर दुनिया में सबसे ज्यादा ऑनलाइन कोर्सेज कर एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है. रेहना ने 1 दिन के अंदर 81 ऑनलाइन कोर्सेज का सर्टिफिकेट हासिल कर अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करा दिया. इससे पहले ये रिकॉर्ड 1 दिन में 75 ऑनलाइन कोर्सेज का था.



दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा